## सार समाचार

# कन्या गुरुकुल में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश



**पल पल न्यूज: खानपुर कलां / गोहाना, 28 अगस्त,( अनिल जिंदल)।** नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर की पहल पर भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल सीनियर सेकेंडरी स्कूल में आज नोडल ऑफिसर डॉ. मंजू पवार और डिप्टी नोडल ऑफिसर डॉ. कृतिका की उपस्थिति में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने छात्राओं को सन्देश देते हुए कहा कि नशामुक्त जीवन अपनाएं तथा समाज में जागरूकता भी फैलाएं। प्रो. सिंह ने कहा कि नशा न केवल हमारे शरीर को ख़तम करता है बल्कि हमे आर्थिक व सामाजिक रूप से भी पतन की और धकेलता है। एन एस एस स्वयं सेविकाओं ने नशे और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति का संचालन एनएसएस कोऑर्डिनेटर एवं प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. बबीता और डॉ. सुषमा जोशी ने किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमिता सिंह ने छात्राओं और शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए नशे की बुराइयों तथा इसके सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

# महिला उद्यमिता को सशक्त बनाने हेतु बीपीएसएमवी में प्रतियोगिताओं की श्रृंखला



**पल पल न्यूज: खानपुर कलां / गोहाना, 28 अगस्त,( अनिल जिंदल)।** कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय द्वारा महिला उद्यमिता की विचारधारा और प्रयासों को सशक्त करने हेतु उद्यमिता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों का आयोजन सहायक डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. इशानी पथरिया पठारिया ने डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. श्वेता के नेतृत्व में किया। जानकारी देते हुए डॉ इशानी ने बताया कि पखवाड़े की शुरुआत 21 अगस्त को विश्व उद्यमिता कार्यक्रम के राज्य स्तरीय ऑनलाइन प्रसारण से हुई। इसका आयोजन संस्कारम सभागार में किया गया, साथ ही अनेक छात्राओं ने अपने मोबाइल और लैपटॉप के माध्यम से भी कार्यक्रम में भागीदारी की। इसी कड़ी में वाणिज्य विभाग में च्महिला उद्यमिता को सशक्त बनानाज्ज् विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई, जिसमें 13 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका प्रो. जगदीप सिंगला, डॉ. आशीष हूडा एवं डॉ. मोनिका ने निभाई। जिनमें बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा स्वीटी प्रथम, बी.वोक. फैशन टेक्नोलॉजी तृतीय वर्ष की छात्रा कीर्ति द्वितीय एवं बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा प्रीति तृतीय रहीं। वाणिज्य विभाग में च्महिला उद्यमिता को सशक्त बनानाज्ज् विषय पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें 21 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक मंडल द्वारा बी.वोक. फैशन टेक्नोलॉजी की छात्रा कीर्ति को प्रथम, बी.ए.एलएलबी द्वितीय वर्ष की छात्रा अदिति को द्वितीय तथा बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा रेनू रानी को तृतीय स्थान प्रदान किया। इसी श्रृंखला में च्महिला उद्यमी कौशल विकसित करने की रणनीतियाँ और नवोदित महिला उद्यमियों के लिए चुनौतियों का समाधानज्ज् विषय पर ग्रुप डिस्कशन का आयोजन भी हुआ, जिसमें 52 छात्रों ने भाग लिया। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. इशानी, डॉ. कृतिका एवं डॉ. महेश ने निभाई। जिसमें एमएससी. फिजिक्स द्वितीय वर्ष की छात्रा निधि प्रथम, बी.एड. प्रथम वर्ष की छात्रा नीतिका द्वितीय तथा बीबीए एलएलबी प्रथम वर्ष की छात्रा निधि तृतीय स्थान पर रहीं।




प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट देते हुए।

# महिला उद्यमिता को सशक्त बनाने हेतु बीपीएसएमवी में प्रतियोगिताओं की श्रृंखला

गोहाना, 28 अगस्त (रामनिवास धीमान): कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार आज उपमंडल के गांव खानपुर कलां स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय द्वारा महिला उद्यमिता की विचारधारा और प्रयासों को सशक्त करने हेतु उद्यमिता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की गई। इन कार्यक्रमों का आयोजन सहायक डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. इशानी पथरिया पठारिया ने डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. श्वेता के नेतृत्व में किया।



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से अपनी प्रस्तुति देती छात्राएं।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से छात्राओं ने दिया नशा मुक्ति का संदेश

गोहाना, 28 अगस्त (रामनिवास धीमान): नशा मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर की पहल पर भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में आज नोडल ऑफिसर डॉ. मंजू पवार और डिप्टी नोडल ऑफिसर डॉ. कृतिका की उपस्थिति में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया जिसमें छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने छात्राओं को सन्देश देते हुए कहा कि नशामुक्त जीवन अपनाएं तथा समाज में जागरूकता भी फैलाएं। एन एस एस स्वयं सेविकाओं ने नशे और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। इस प्रस्तुति का संचालन एनएसएस कोऑर्डिनेटर एवं प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. बबीता और डॉ. सुषमा जोशी ने किया। विद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुमिता सिंह ने छात्राओं और शिक्षिकाओं को संबोधित करते हुए नशे की बुराइयों तथा इसके सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

# प्रतियोगिताओं में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| गोहाना

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग के निर्देशानुसार भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय (विवि) के डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय द्वारा महिला उद्यमिता की विचारधारा और प्रयासों को सशक्त करने हेतु उद्यमिता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विविध कार्यक्रमों की शृंखला आयोजित की गई। नेतृत्व डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. श्वेता और सहायक डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. ईशानी का रहा। कार्यक्रम संस्कारम सभागार में हुआ जिसमें कार्यक्रमों की शृंखला में वाणिज्य विभाग में महिला उद्यमिता को सशक्त बनाना विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता आयोजित हुई।

## ये रहा परिणाम

प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा स्वीटी प्रथम, बीवोक फैशन टेक्नोलॉजी तृतीय वर्ष की छात्रा कीर्ति द्वितीय एवं बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा प्रीति तृतीय रही। इसी विषय में उपरोक्त विषय पर स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता भी आयोजित हुई। निर्णायक मंडल द्वारा बीवोक फैशन टेक्नोलॉजी की छात्रा कीर्ति को प्रथम, बीएससीएमएलटी द्वितीय वर्ष की छात्रा अदिति को द्वितीय तथा बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा रेनू रानी तृतीय स्थान पर रही। इसी शृंखला में महिला उद्यमी कौशल विकसित करने की रणनीतियां और नवोदित महिला उद्यमियों के लिए चुनौतियों का समाधान विषय पर ग्रुप डिस्कशन हुआ। निर्णायक मंडल की भूमिका डॉ. इशानी, डॉ. कृतिका एवं डॉ. महेश ने निभाई। इसमें एमएससी फिजिक्स द्वितीय वर्ष की छात्रा निधि प्रथम, बीएड प्रथम वर्ष की छात्रा नीतिका द्वितीय तथा बीवोक एमएलटी प्रथम वर्ष की छात्रा निधि तृतीय स्थान पर रही। सभी विजेता 9 सितंबर को हरियाणा राज्य के उद्यमिता विकास नोडल अधिकारी द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में विवि का प्रतिनिधित्व करेंगे।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से नशा मुक्ति का संदेश दिया

गोहाना। नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत नारकोटिक्स कोऑर्डिनेशन सेंटर की पहल पर भगत फूल सिंह महिला विवि खानपुर कलां स्थित कन्या गुरुकुल वमावि में आज नोडल ऑफिसर डॉ. मंजू पवार और डिप्टी नोडल ऑफिसर डॉ. कृतिका की उपस्थिति में एक नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने कहा कि नशामुक्त जीवन अपनाएं तथा समाज में जागरूकता भी फैलाएं। प्रो. सिंह ने कहा कि नशा न केवल हमारे शरीर को खत्म करता है बल्कि हमे आर्थिक व सामाजिक रूप से भी पतन की ओर धकेलता है। एनएसएस स्वयंसेविकाओं ने नशे और मादक पदार्थों के दुष्प्रभावों पर प्रभावशाली प्रस्तुति दी। प्राचार्या डॉ. सुमिता सिंह ने छात्राओं और शिक्षिकाओं को संबोधित करते नशे की बुराइयों तथा इसके सामाजिक दुष्परिणामों पर प्रकाश डाला और युवाओं से नशे से दूर रहने का आह्वान किया।

# आइटीआइ में दिया नशा मुक्ति पर संदेश



कन्या गुरुकुल में छात्राएं नाटक की प्रस्तुति देते हुए • सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : नशा मुक्त भारत अभियान के तहत गुरुवार को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के कन्या गुरुकुल व आइटीआइ गोहाना में कार्यक्रम हुए। गुरुकुल में नोडल अधिकारी डा. मंजू पवार और डा. कृतिका की देखरेख में छात्राओं ने नाटक की प्रस्तुति देकर नशे के दुष्प्रभावों के बारे में बताया। छात्र कल्याण अधिष्ठाता प्रो. श्वेता सिंह ने कहा कि नशामुक्त जीवन अपनाएं और समाज में जागरूकता भी फैलाएं। नशा न केवल हमारे शरीर को खत्म करता है बल्कि हमें आर्थिक व सामाजिक रूप से भी पतन की ओर धकेलता है।

आइटीआइ गोहाना में महिला थाना की निरीक्षक सरोज बाला ने स्टाफ व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक किया। उन्होंने कहा कि नशे की लत न केवल स्वास्थ्य व धन की हानि करती है, बल्कि हजारों घरों को उजाड़ चुकी है। उन्होंने कहा कि यदि शुरुआत में ही नशे से लड़ाई लड़ी जाए तो न केवल स्वास्थ्य और धन बचाया जा सकता है, बल्कि खुशियों को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्वीटी प्रथम



प्रतियोगिता में विजेता छात्राएं प्राध्यापकों के सथ में • सौ. प्रवक्ता

वि., गोहाना : भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय में उद्यमिता पखवाड़ा के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। वाणिज्य विभाग में महिला उद्यमिता को सशक्त बनाना विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता में बीएड प्रथम वर्ष की स्वीटी प्रथम, बीवोक फैशन टेक्नोलाजी तृतीय वर्ष की कीर्ति द्वितीय एवं बीएड प्रथम वर्ष की प्रीति तृतीय रही। इसी विभाग में स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता भी कराई गई। इसमें बीवोक फैशन टेक्नोलाजी की कीर्ति को प्रथम, बीएएलएलबी द्वितीय वर्ष की अदिति को द्वितीय व बीएड प्रथम वर्ष की रेनू रानी तृतीय स्थान पर रही। महिला उद्यमी कौशल विकसित करने की रणनीतियां और नवोदित महिला उद्यमियों के लिए चुनौतियों का समाधान विषय पर समूह चर्चा की गई। इसमें निधि प्रथम, नीतिका द्वितीय व निधि तृतीय स्थान पर रही। विजेता छात्राएं नौ सितंबर को प्रतियोगिता में भाग लेंगी। मार्गदर्शन डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. श्वेता, डा. ईशानी, प्रो. जगदीप सिंगला, डा. आशीष हुड्डा, डा. मोनिका रहे।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में स्वीटी रही प्रथम

**गोहाना** | खानपुर कला गांव में स्थित बीपीएस महिला विवि में गुरुवार को डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर कार्यालय द्वारा उद्यमिता पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। सहायक डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर डॉ. इशानी ने बताया कि वाणिज्य विभाग में महिला उद्यमिता को सशक्त बनाना विषय पर पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता हुई। प्रतियोगिता में स्वीटी ने प्रथम, कीर्ति ने द्वितीय, प्रीति ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लोगन राइटिंग प्रतियोगिता में कीर्ति ने प्रथम, अदिति ने द्वितीय तथा रेनू रानी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ग्रुप डिस्कशन में निधि ने प्रथम, नीतिका ने द्वितीय स्थान पाया।